ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

दिनांक 04-05-2024 को अपराह्न 04:00 बजे आहूत प्रवेश समिति की बैठक का कार्यवृत्तः-

आज दिनांक 04-05-2024 को प्रवेश के संबंध में हुई बैठक में समस्त प्रवेश समिति के सदस्य उपस्थित रहे। एजेंडे के अनुसार बिन्दुवार आख्या निम्नवत है :-

बिन्दु संख्या 1- प्रवेश आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 मई को विस्तारित किए जाने पर विचार।

कार्यवाहीः- विचारोपरांत सदस्यों ने बताया कि अभी सभी बोर्डों का परीक्षाफल घोषित नही हुआ है इसलिए प्रवेश की अंतिम तिथि को विस्तारित कर दिया जाए। समस्त सदस्यों की सहमति से प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 31 मई, 2024 तक विस्तारित कर दी गयी।

बिन्दु संख्या 2- CUET एवं अन्य Competitive Exam के माध्यम से प्रवेश एवं विश्वविद्यालय स्तर पर प्रवेश लेने में सीटों के बटवारे के संबंध में विचार किया जाना।

कार्यवाहीः- सत्र 2024-25 हेतु चूंकि CUET एवं अन्य एवं विश्वविद्यालय स्तर पर प्रवेश दिए जाने की व्यवस्था की गयी है। इसलिए इसके दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया कि सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु CUET एवं अन्य Competitive Exam के माध्यम से 30% सीटें एवं विश्वविद्यालय स्तर से 70% सीटों पर प्रवेश दिए जाए। इस पर सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

अग्रेतर यह भी निर्णय लिया गया कि किसी एक स्तर पर सीटें रिक्त होने पर दूसरे स्तर से सीटों का समायोजन करते हुए प्रवेश दिया जाए जोकि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सीटों कि सीमा के अंतर्गत होगा। सीटों की उपलब्धता का बटवारा निम्नवत रहेगा:-

क्रम संख्या	कुल सीटें	CUET-UG/PG से प्रवेश	विश्वविद्यालय स्तर से प्रवेश	योग
1	18	5	13	18
2	30	9	21	30
3	60	18	42	60
4	120	36	84	120

बिन्दु संख्या 3- समस्त ऐसे प्रोग्राम जिसमें 50% प्रवेश AKTU के माध्यम से किए जाने हैं के संबंध में विचार।

कार्यवाहीः- समस्त ऐसे प्रोग्राम जिसमें 50% प्रवेश AKTU के माध्यम से किए जाने हैं, उनमें AKTU एवं CUET से संयुक्त रूप से 50% सीटों पर प्रवेश दिए जाने की सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

क्रम संख्या	कुल सीटें	AKTU, CUET एवं अन्य Competitive Exam से प्रवेश	विश्वविद्यालय स्तर से प्रवेश (सामर्थ पोर्टल के माध्यम से)	योग
1	66	33	33	66
2	132	66	66	132

अन्त में बैठक समन्वयक—प्रवेश 2024-25 के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

Add:- Sitapur-Hardoi Bypass Road, Lucknow-226013 U.P. (India) Contact:- 0522-2774041-45, Fax-0522-2774046
Website:- https://kmclu.ac.in/ Email:- upuafulucknow@gmail.com